# हिन्दुस्तान

भरोसा नए हिन्दुस्तान का

सोमवार

22 दिसंबर 2025, बरेली

**PAGE NO : 04 TOP**




रिद्धिमा में रविवार को रूहदारियां कार्यक्रम में प्रस्तुति देते कलाकार।

## रिद्धिमा में संगीत और नृत्य की जुगलबंदी

बरेली। एसआरएमएस रिद्धिमा में रविवार को रूहहदारियां कार्यक्रम का आयोजन किया गया। भाव और राग को समेटे सुरों के इस कार्यक्रम में गायन गुरुओं और विद्यार्थियों के साथ कथक और भरतनाट्यम के विद्यार्थियों ने भी जुगलबंदी की। कार्यक्रम का आरंभ इंस्ट्रूमेंटल गुरु पवन भारद्वाज ने किया। गायन की विद्यार्थी वंदना दुग्गल खन्ना, शालिनी पांडेय ने गीत सुनाया।गायन गुरु प्रियंका ग्वाल ने गीत आज इबादत रूबरू हो गई सुनाया। अतिथि गायक इंदू परडल ने गजल सुनाया। संचालन डॉ. अनुज कुमार ने किया। एसआरएमएस ट्रस्ट के संस्थापक और चेयरमैन देव मूर्ति, आशा मूर्ति, देविशा मूर्ति, उषा गुप्ता, सुभाष मेहरा आदि मौजूद रहे।